चित्रकूट पुलिस

(1). मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण एवं स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा जागरूक करते हुए महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई।

आज दिनाँक 09.11.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुम कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा (थाना सरधुवा द्वारा पटौनी में,थाना मानिकपुर द्वारा कस्बा मानिकपुर में,थाना बहिलपुरवा द्वारा सेमरदहा में,थाना राजापुर द्वारा कस्बा राजापुर में,थाना कोतवाली कर्वी द्वारा कस्बा कर्वी में,थाना मऊ द्वारा कस्बा मऊ में) स्थानों पर भ्रमण कर मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक करते हुए महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का

अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

(2). आज दिनाँक 09.11.2026 को दीपावली अमावस्या मेला पर लाखों श्रद्धालुओं के आगमन के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक जनपद चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में उ0नि0 श्री शिवसागर तिवारी के नेतृत्व में बीडीडीएस टीम एवं एलआईयू टीम चित्रकूट द्वारा संयुक्त रूप से थाना कोतवाली कर्वी क्षेत्रान्तर्गत रामघाट, सीतापुर में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।अभियान के दौरान प्रमुख घाटों, मंदिर परिसरों, परिक्रमा मार्ग, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, होटलों, धर्मशालाओं एवं संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की डॉग स्क्वायड की सहायता से सघन तलाशी ली जा रही है। एएस चेक टीम द्वारा विस्फोटक सामग्री एवं संदिग्ध वस्तुओं की चेकिंग की जा रही है तथा एलआईयू टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों के सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है।
जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस द्वारा निरन्तर चेकिंग एवं सतर्क दृष्टि रखी जा रही है।

(3). दीपावली अमावस्या मेला में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के दृष्टिगत चित्रकूट पुलिस द्वारा मेला क्षेत्र में सतत निगरानी की जा रही है।
इसी क्रम में रामघाट,धनुष चौराहा एवं सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में ड्रोन कैमरे के माध्यम से निगरानी कर भीड़भाड़ एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। ड्रोन के जरिए मेला क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों, श्रद्धालुओं की भीड़ एवं आवागमन पर नजर रखी गई, जिससे किसी भी आपात स्थिति अथवा संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।
चित्रकूट पुलिस द्वारा मेला क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ आधुनिक तकनीक का उपयोग कर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है, ताकि दीपावली अमावस्या मेला को सकुशल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराया जा सके।

(4). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री पीयूषकान्त राय एवं क्षेत्राधिकारी मऊ श्री फहद अली के पर्यवेक्षण में थाना मऊ पुलिस टीम ने आतमहत्या के लिए उकसाने के आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

<u>संक्षिप्त विवरण-</u>

दिनाँक 07.11.2026 को वादी बबली पुत्र स्व0 रामदास, निवासी ग्राम कनभय मजरा परदवां, थाना मऊ, जनपद चित्रकूट द्वारा थाना मऊ पर सूचना दी गयी कि उनकी बेटी पूजा गांव के ही मनोज पुत्र जगन्नाथ से प्रेम करती थी और उसी से शादी करना चाहती थी। बेटी की शादी की बात करने मनोज के घर गए, तो मनोज व उसके पिता ने शादी से साफ इन्कार कर दिया।जब यह बात बेटी पूजा को पता चली, तो दिनांक 07.11.2026 को सुबह करीब 8 से 9 बजे के बीच में कमरे में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर ताना मऊ में मु0अ0ंसं0 धारा 108 बीएनएस पंजीकृत किया गया।

आज दिनाँक 09.11.2026 को थाना मऊ पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त मनोज पुत्र जगन्नाथ निवासी उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार कने वाली टीम का नाम-

1. उ0नि0 श्री अंजनी कुमार सिंह
2. का0 पंकज पटेल

(5). आज दिनाँक 09.11.2026 को दीपावली अमावस्या मेला पर लाखों श्रद्धालुओं के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक जनपद चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में उ0नि0 श्री शिवसागर तिवारी के नेतृत्व में बीडीडीएस टीम एवं एलआईयू टीम चित्रकूट द्वारा संयुक्त रूप से थाना कोतवाली कर्वी क्षेत्रान्तर्गत परिक्रमा मार्ग एवं बरहा हनुमान मंदिर के आस पास सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान प्रमुख घाटों, मंदिर परिसरों, परिक्रमा मार्ग, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, होटलों, धर्मशालाओं एवं संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की सघन तलाशी ली जा रही है।

(6). दीपावली अमावस्या मेला-2026 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत आज दिनांक 09.11.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा रामघाट, निर्मोही अखाड़ा, खोया-पाया केंद्र सहित संपूर्ण मेला क्षेत्र का भ्रमण कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधाओं के दृष्टिगत की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा रामघाट एवं अन्य प्रमुख स्नान घाटों का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के स्नान की व्यवस्था, घाटों पर सुरक्षा प्रबंध, बैरिकेडिंग, भीड़ के आवागमन एवं भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था का जायजा लिया गया। साथ ही मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के दृष्टिगत पुलिस बल की तैनाती, यातायात व्यवस्था एवं संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भीड़ का दबाव किसी एक स्थान पर एकत्रित न होने पाए तथा श्रद्धालुओं का आवागमन सुचारू एवं सुरक्षित रूप से सुनिश्चित कराया जाए।

खोया-पाया केंद्र का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा बिछड़े हुए बच्चों एवं अन्य श्रद्धालुओं को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने तथा उन्हें सकुशल उनके परिजनों से मिलाने के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने निर्धारित ड्यूटी स्थल पर पूर्ण सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने, लगातार भ्रमणशील रहकर मेला क्षेत्र की निगरानी करने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तत्पर रहने के निर्देश दिए गए। साथ ही श्रद्धालुओं के साथ विनम्र एवं सहयोगात्मक व्यवहार रखते हुए उनकी सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने हेतु निर्देशित किया गया।